# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–24 अप्रैल 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज कानपुर पहुंच कर पहलगाम आतंकी हमले में मारे गये युवक शुभम द्विवेदी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शुभम के परिजनों से मिल कर उनके प्रति शोक संवेदना जताई। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और आगे भी इसी पर काम करती रहेगी। सरकार आतंकवाद को इस तरह कुचलेगी कि सब देखेंगे और याद रखेंगे।

**जिन लोगों ने आतंकी घटना को अंजाम दिया है या इस साजिश का हिस्सा बने हैं, यह जीरो टॉलरेंस की नीति देखने को मिलेगी और हर व्यक्ति इस घटना के जो परिणाम अब सामने आएंगे उसको भी देखेगा।**

इससे पहले कल रात कानपुर के युवक शुभम द्विवेदी और नेपाली नागरिक सुदीप का पार्थिव शरीर लखनऊ हवाई अड्डे लाया गया, जहां उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने श्रद्धांजलि अर्पित की। कानपुर के प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और कैबिनेट मंत्री राकेश सचान शव के साथ कानपुर के महराजपुर क्षेत्र स्थित शुभम के पैतृक गांव भी पहुंचे।

बाईस अप्रैल को जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम इलाके के बैसरन घाटी में अज्ञात आतंकियों ने छब्बीस पर्यटकों की हत्या कर दी थी, जिनमें कानपुर के युवक शुभम द्विवेदी भी शामिल थे।

**********

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का सिलसिला लगातार आज दूसरे दिन भी जारी रहा। विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों ने जगह–जगह नारेबाजी की और आतंकवाद के पूतलें फूंके। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**वाराणसी में विशाल भारत संस्थान के युवा परिषद समीति कई अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आतंकवादी संगठनों के खिलाफ प्रदर्शन किया और आतंकवाद का पूतला फूंका। जौनपुर क्लेक्ट्रेट परिसर में अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद और राष्ट्रीय बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया और हमले में मरने वालों के प्रति शोक संवदेना व्यक्त की। वहीं अधिवक्ताओं ने भी पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की। अमरोहा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए केन्द्र सरकार से आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इसी तरह अयोध्या, बलिया, गाजीपुर, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज समेत कई जिलों में विरोध प्रदर्शन का क्रम जारी रहा। समाचार कक्ष से मैं अरूण।**

**********

प्रदेश के आतंकवाद निरोधक दस्ता–एटीएस की नोएडा टीम और गाजियाबाद पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में कल रात संदिग्ध आतंकवादी मंगत सिंह उर्फ मंगा को गिरफ्तार कर लिया। उसे गाजियाबाद से पकड़ा गया है। वह प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन खालिस्तान कमांडो फोर्स–केसीएफ का सक्रिय सदस्य है और पिछले तीस साल से फरार चल रहा था। गिरफ्तार आतंकी पर पचीस हजार रुपये का ईनाम घोषित था।

**********

विश्व स्वास्थ्य संगठन का विश्व टीकाकरण सप्ताह दो हजार पचीस आज से शुरू हो गया। यह तीस अप्रैल तक चलेगा। इस वर्ष विश्व टीकाकरण सप्ताह की थीम है सभी के लिए टीकाकरण मानवीय रूप से संभव हो।

विश्व टीकाकरण सप्ताह के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज से ही विशेष टीकाकरण अभियान शुरू हुआ, जो दस मई तक चलेगा। गोरखपुर जिले में विशेष अभियान की शुरूआत करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा ने बताया कि इसके तहत स्कूल कॉलेज में सत्र लगा कर छूटे हुए दस से सोलह वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों को टिटनेस और डिप्थीरिया से बचाव के लिए टीडी दस और टीडी सोलह टीके लगाए जाएंगे।

**********

प्रदेश भर में आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जा रहा है। चौबीस अप्रैल को प्रतिवर्ष यह दिवस मनाया जाता है। इसी दिन उन्नीस सौ तिरानबे में तिहतरवां संविधान संशोधन अधिनियम लागू होने के साथ ही पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ था।

इस अवसर पर पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत बनाने और ग्रामीण विकास में उसकी भूमिका को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी जिलों में ग्राम सभा की विशेष बैठको के साथ ही गोष्ठी समेत कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

**********

प्रदेशभर में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक अगले तीन दिनो तक प्रदेश के ज्यादातर जिलों में गर्मी और लू का सिलसिला इसी तरह जारी रहेगा। विभाग की ओर से बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, कानपुर, रायबरेली, अमेठी, और सुल्तानपुर समेत पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र के पचीस से अधिक जिलो में लू को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। उधर गर्मी और लू से बच्चो को बचाने के लिए लखनऊ, कौशाम्बी, अम्बेडकरनगर समेत कई जिलों के जिलाधिकारी ने कक्षा एक से आठ तक के सभी विद्यालयों के समय में परिवर्तन करते हुए दोपहर साढ़े बारह बजे तक स्कूलों की छुट्टी कर देने का आदेश जारी किया है।

**********